RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 22 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 249 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

आदित्य ठाकरे ने मंत्रालय आवंटन में देरी पर महायुति पर कसा तंज



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## बीएमसी चुनाव अकेले लड़ सकती है शिवसेना UBT

### संजय राउत के बयान पर कांग्रेस ने दिखाए तीखे तेवर...



**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद शिवसेना (उद्धव गुट) के सुर बदलने लगे हैं। पार्टी के सीनियर नेता संजय राउत ने संकेत दिया है कि ठाकरे सेना आगामी बीएमसी चुनाव अकेले लड़ सकती है। पुणे में मीडिया को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा कि कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि महानगरपालिका चुनाव अकेले लड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मुंबई में हमारी ताकत है। मुंबई में हमें लड़ना चाहिए ये कार्यकर्ताओं की इच्छा है।

संजय राउत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी हमने मुंबई में 10 सीटें जीती। 4 सीट बहुत कम मार्जिन से हारे। मुंबई में शिवसेना (उद्धव गुट) की ताकत बनी रहनी चाहिए नहीं तो ये लोग (विरोधी दल) मुंबई को तोड़ देंगे। जिस तरह से मराठी लोगों पर हमले हो रहे है ये सब देख रहे हैं। संजय राउत के बयान के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भी कहा है कि उद्धव शिवसेना अकेले चुनाव लड़ेगी तो कांग्रेस भी अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। लोकल बॉडी चुनाव गठबंधन में हम पहले भी अकेले लड़े हैं। इस संबंध में हम बैठ कर चर्चा करेंगे।

वहीं, वही एकनाथ शिंदे शिवसेना ने इस मामले पर कहा कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने हिंदुत्व छोड़ दिया है। हिंदुत्व की धरपकड़ वो कर रहे हैं। उनकी पार्टी काफी असमंजस में है। लोकसभा में जो कुछ भी उन्हें सफलता मिली वह सिर्फ. कांग्रेस और NCP के कारण मिली। अकेले चुनाव लड़ने के अलावा उद्धव ठाकरे के पास कोई चारा नहीं है।

## महाराष्ट्र में विभागों का बंटवारा, मुख्यमंत्री फडणवीस के पास रहेगा गृह मंत्रालय



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को अपने मंत्रिपरिषद के विभागों का आवंटन कर दिया। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को गृह विभाग नहीं मिला है। फडणवीस ने इसे अपने पास ही रखा है। शिंदे को शहरी विकास, आवास तथा लोक निर्माण विभाग (सार्वजनिक उद्यम) आवंटित किया गया है।

सरकार गठन के पहले ही अंदरखाने राज्य के गृह विभाग पर राकांपा प्रमुख शिंदे की नजर थी। एक अन्य उप मुख्यमंत्री अजीत पवार को वित्त एवं योजना, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग मिला है। राज्य विधानमंडल का सप्ताहभर चलने वाला शीतकालीन सत्र शनिवार को समाप्त होने के बाद विभागों का आवंटन किया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि फडणवीस गृह विभाग के साथ ही ऊर्जा, कानून एवं न्यायपालिका, सामान्य प्रशासन विभाग और सूचना एवं प्रचार विभाग भी संभालेंगे। सत्र शुरू होने से पहले 15 दिसंबर को 39 मंत्रियों ने शपथ ली थी, जबकि फडणवीस और दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने पांच दिसंबर को पद की शपथ ली थी। 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा, राकांपा और शिवसेना के महायुति गठबंधन ने 288 में से 230 सीटें जीतकर जीत दर्ज की थी। भाजपा के चंद्रशेखर बावनकुले (राजस्व), राधाकृष्ण विखे पाटिल (जल संसाधन-कृष्णा और गोदावरी घाटी विकास निगम), चंद्रकांत पाटिल (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, संसदीय मामले), गिरीश महाजन (जल संसाधन-विदर्भ, तापी, कोंकण विकास निगम और आपदा प्रबंधन) विभाग मिला है।

जबकि, गणेश नाइक को वन, मंगल प्रभात लोढ़ा को कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार, जयकुमार रावल को विपणन और प्रोटोकाल, पंकजा मुंडे को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, अतुल सेव को ओबीसी कल्याण, डेरी विकास और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग मिला है।अशोक उइके को आदिवासी विकास, आशीष शेलार को सांस्कृतिक मामले और सूचना प्रौद्योगिकी, शिवेंद्र सिंह भोसले को लोक निर्माण विभाग दिया गया है। जयकुमार गोरे को ग्रामीण विकास और पंचायती राज, संजय सावकारे को कपड़ा, नितेश राणे को मत्स्य और बंदरगाह, आकाश फुंडकर को श्रम विभाग दिया गया है।

## मोबाइल विवाद को लेकर किशोर का अपहरण

### 4 आरोपी गिरफ्तार






**मुंबई:** मालवानी पुलिस ने बुधवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने मोबाइल फोन विवाद को लेकर मलाड पश्चिम से 19 वर्षीय एक युवक का अपहरण किया था और उसकी चाची से 33,000 रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस के अनुसार, मंगलवार शाम को, 53 वर्षीय महिला, जिसकी पहचान कलिमुनिसा खान के रूप में हुई, ने पुलिस से संपर्क किया और दावा किया कि उसके भतीजे, अमानुल्ला अंसारी को चार अज्ञात लोगों ने अगवा कर लिया है, जिन्होंने उसे एक टेम्पो में बंद कर दिया था। उसने कहा कि अपहरणकर्ताओं ने उसे फोन करके ऑनलाइन भुगतान मोड के माध्यम से ₹33,000 का भुगतान करने की मांग की और ऐसा न करने पर अंसारी को जान से मारने की धमकी दी। घबराकर खान ने मालवाणी पुलिस से संपर्क किया और चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करवाया, जिन्होंने कथित तौर पर अंसारी को मालवाणी में गेट नंबर 6 पर एक टेम्पो में धकेल दिया और भाग गए। खान को किए गए फोन कॉल को ट्रैक करते हुए, मालवाणी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र नागरकर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने गोरेगांव के राम मंदिर क्षेत्र से अभिषेक सिंह, अजय पांडे, प्रदीप सिंह और अनवर खान को गिरफ्तार किया, जहाँ उन्होंने टेम्पो पार्क किया था, और अंसारी को उनकी हिरासत से छुड़ाया।

## मुंबई एयरपोर्ट में कस्टम टीम की बड़ी कार्रवाई!

### 11 करोड़ से ज्यादा का गांजा किया जब्त, 1 गिरफ्तार



**मुंबई:** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआई) पर करोड़ों का गांजा पकड़ा गया है। कस्टम ड्यूटी के अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे एक यात्री के पास से बड़े पैमाने पर गांजा जब्त किया। बताया गया कि जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 11.32 करोड़ रुपये है। दरअसल, कस्टम विभाग को खुफिया लोगों द्वारा इस बात की जानकारी मिली। इस आधार पर यात्री के प्रोफाइल बनाई गई और जांच शुरू की गई। इस दौरान जांच करने पर अधिकारियों ने यात्री के ट्रॉली बैग के अंदर वैक्यूम-सील प्लास्टिक पाउच में छिपाए गए अवैध पदार्थ को बरामद किया और यात्री को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने बताया इस पदार्थ के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हाइड्रोपोनिक मारिजुआना माना जाने वाला यह मादक पदार्थ भांग की एक उच्च श्रेणी का पदार्थ है, जो अपने शक्तिशाली प्रभावों और उच्च बाजार मूल्य के लिए जाना जाता है। इससे पहले दिन में, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय (सीएसएमआई) हवाई अड्डे के सीमा शुल्क अधिकारियों की उनकी सतर्कता और 1.48 करोड़ रुपये मूल्य के 2 किलोग्राम से अधिक तस्करी किए गए सोने को सफलतापूर्वक जब्त करने के लिए सराहना की। मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "@mumbaicus3 की मेहनत की सराहना करता हूँ। बहुत बढ़िया," टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए। मुंबई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 18-19 दिसंबर, 2024 के दौरान

## घाटकोपर ईस्ट में पानी की टंकी में गिरने से 8 साल के बच्चे की मौत

**मुंबई:** घाटकोपर ईस्ट के पंतनगर इलाके में शुक्रवार शाम एक दुखद घटना घटी, जहां खेलते समय गलती से पानी की पुरानी टंकी में गिरकर 8 वर्षीय बालक की डूबकर मौत हो गई। बालक की पहचान सचिन जनबहादुर वर्मा के रूप में हुई है। घटना के बाद पंतनगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, हादसा शुक्रवार शाम करीब 6 बजे हुआ।

सचिन पंतनगर की शांतिनगर सोसायटी में खेल रहा था, तभी गलती से पानी की टंकी में गिर गया और डूब गया। स्थानीय निवासियों और बालक के पिता ने उसे बेहोशी की हालत में राजावाड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने प्रारंभिक जांच की और अब मामले की आगे की जांच कर रही है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सांसदों का 'रक्तचरित्र'

संसद भवन के 'मकर द्वार' पर सांसदों में जिस तरह धक्का-मुक्की हुई और भाजपा के दो सांसदों को चोटिल होकर अस्पताल के आईसीयू तक जाना पड़ा, बेशक वह उच्छृंखल, स्वच्छंद, अशालीन, अमर्यादित आचरण है। सामान्य शब्दों में कहा जा सकता है कि संसद परिसर 'अखाड़ा' बन गया है अथवा सांसद भी गली-मुहल्ले के बच्चों की तरह एक-दूसरे को धकियाने लगे हैं। यह क्या हो रहा है और संसद की गरिमा तार-तार क्यों की जा रही है? 75 साल के संसदीय इतिहास में यह पहली घटना है कि ओडिशा के 70 वर्षीय सांसद प्रताप सारंगी लहुलूहान हुए। अस्पताल में उन्हें कुछ टांके लगाने पड़े हैं। इसी तरह फरुर्खाबाद (उप्र) के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी धराशायी होकर बेहोश हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने जब उनसे फोन पर बात की, तब भी वह स्थिर नहीं थे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सांसदों ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष 84 वर्षीय मल्लिकार्जुन खडगे को धक्का मारा, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। यदि ऐसा हुआ है, तो उन्हें अस्पताल तक क्यों नहीं पहुंचाया गया? भाजपा सांसदों के मुताबिक, राहुल गांधी ने उन्हें धक्का मारा हो अथवा धक्का अचानक लगा हो या धक्का सामूहिक, पूर्व नियोजित प्रयास हो, लेकिन संसद कलंकित हुई है। सांसदों का 'रक्तचरित्र' स्पष्ट हो गया है। लोकतंत्र के सबसे बड़े, पावन मंदिर को दूषित किया गया है। अब यह सोचना या दावा करना 'मजाक' होगा कि भारत के लोकतंत्र का इतिहास 2000 साल पुराना है। हमारे सांसद तो 75 साल में ही बेनकाब हो गए हैं।

यकीनन यह किसी भी किस्म का लोकतंत्र नहीं है, बेशक सभी सांसद औसतन 15-20 लाख मतदाताओं द्वारा चुने गए हैं। सवाल है कि सदन के प्रवेश द्वार पर सांसदों की धक्का-मुक्की की नौबत क्यों आई? 'मकर द्वार' पर विरोध-प्रदर्शन किए जाते हैं, तो सांसदों के प्रवेश के लिए दूसरा रास्ता तय कर दिया जाता है। फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों की भीड़ को चीरते हुए सदन में प्रवेश करने की जिद क्यों की? नागालैंड की एक महिला राज्यसभा सांसद पर राहुल क्यों चिल्लाए? राज्यसभा के सभापति एवं देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यहां तक कहा है कि महिला सांसद उनके चैंबर में आईं। वह बेहद परेशान और भयभीत लग रही थीं। उन्होंने बदसलूकी की शिकायत करते हुए आत्मसम्मान को ठेस पहुंचने तक की बात कही है। बेशक मामले की गहराई तक जाएंगे। भाजपा सांसद हेमांग जोशी ने दिल्ली पुलिस में राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# शिवसेना का सबकुछ वापिस करेंगे एकनाथ...

# उद्धव ठाकरे की तरफ शिंदे का पहला कदम... भाजपा को झटका...!

**मुंबई:** 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से महाराष्ट्र में सियासी चित्र बदल-सा गया है। एकनाथ शिंदे जो पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे अब वे उपमुख्मंत्री बन गए है और उनका पद अब बीजेपी के देवेंद्र फडणवीस संभाल रहे है। कहा जा सकता है कि महायुति की महा जीत के बाद एक तरह से एकनाथ शिंदे की ये मजबूरी बन गई थी। बीजेपी के साथ जुड़कर महायुति गठबंधन के बलबूते पर एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना की सरकार, पार्टी, चुनाव चिह्न तक छीन लिया था, जिसके कारण दो साल में ही वे अपनी पार्टी बनाकर उसे मजबूत कर सकें और अब वे बीजेपी के अधीन हो गए है।



लेकिन, एकनाथ शिंदे के पास अब भी कुछ ऐसा है, जिस पर बीजेपी का हक नहीं है और वे इस पर कुछ नहीं कह सकती। आपको याद होगा कि 2022 में एकनाथ शिंदे ने शिवसेना से बगावत की और उद्धव ठाकरे से सब कुछ छीन ले गए। इस दौरान चुनाव आयोग ने शिवसेना की पार्टी को भी एकनाथ शिंदे को दे दिया साथ ही चुनाव चिह्न भी एकनाथ शिंदे के खाते में ही चला गया।

इतना ही नहीं एकनाथ शिंदे को शिवसेना की संपत्ति भी मिल गई। अब जब 2024 के चुनाव ने सब कुछ बदल दिया है तो एकनाथ शिंदे को मूड बदलता नजर आ रहा है जो एक तरह से बीजेपी के लिए खतरे का संकेत है।

मुख्मंत्री की आस से महायुति में शामिल हुए एकनाश शिंदे को अब करारा झटका तो लगा ही है, जिसमें अब उनका मन डगमगाता-सा नजर आ रहा है। अब ये भी हो सकता है कि आने वाले दिनों में वे पार्टी का चुनाव चिह्न भी वापस करने के बारे में विचार करें, या फिर उद्धव ठाकरे के साथ समझौता कर वापस जुड़ते नजर आए।

शिवसेना के प्रमुख एखनाथ शिंदे ने बड़ा फैसला किया है। पार्टी के बंटवारे के बाद शिवसेना के बैंक अकाउंट भी शिंदे के पास आ गया था इसलिए अब एकनाथ शिंदे ने फैसला किया है कि वे उद्धव ठाकरे को पैसा लौटाएंगे। शिंदे ने फैसला किया है कि 2022 से पहले जो भी बैंक में पैसे थे उस पर वे कोई दावा नहीं करेंगे। 2022 से पहले जो पैसे उद्धव गुट के नाम से जमा थे केवल वे पैसे वो ठाकरे को वापस कर देंगे। इस बात से शिवसेना की संपत्तियों और बैंक अकाउंट पर स्वामित्व की लड़ाई खत्म हो जाएगी।

## मुंबई/ खतरनाक तट: दादर, माहिम, अक्सा, मनोरी, गोराई, मार्वे के समुद्र तट असुरक्षित



**महाराष्ट्र:** मुंबई आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए शहर और उपनगरों के बीच आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। इनमें से आठ बीच खतरनाक घोषित किए गए हैं, जबकि केवल दो बीच पर्यटन के लिए सुरक्षित हैं। सरकारी फैसलों और नगर निगम के रिकॉर्ड से यह स्पष्ट हो चुका है कि मुंबई के 12 में से गिरगांव चौपाटी और जुहू चौपाटी पर्यटकों के लिए सुरक्षित हैं। गिरगांव चौपाटी को सार्वजनिक तैराकी और जल क्रीड़ा के लिए सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। जबकि जुहू चौपाटी पर वाईसीएमए और रुइया पार्क के बीच का क्षेत्र तैराकी के लिए सुरक्षित माना जाता है।

यह बात सामने आई है कि बड़ी संख्या में स्थानीय, साथ ही देशी-विदेशी पर्यटक पर्यटन के लिए इन खतरनाक बीच पर जा रहे हैं। मुंबई नगर निगम, अग्निशमन विभाग और पुलिस विभाग के सामने चुनौती बढ़ गई है। इस बीच, मुंबई अग्निशमन विभाग ने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए छह बीच पर 111 लाइफगार्ड तैनात किए हैं। पर्यटक गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव और अन्य बीच की ओर आकर्षित होते हैं। मुंबई के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। मुंबई में करीब 12 बीच (घाट) हैं। कुछ साल पहले, सरकारी निर्णय के अनुसार मुंबई के 12 में से आठ समुद्र तटों को असुरक्षित घोषित किया गया था। हालांकि, दादर, अक्सा (दानापानी) और गोराई के समुद्र तटों पर लगातार पर्यटकों की आमद रहती है। इसलिए, एजेंसियों को लगातार सतर्क रहना पड़ता है। मुंबई अग्निशमन विभाग ने गिरगांव, दादर, जुहू, वसोर्वा, अक्सा और गोराई के छह समुद्र तटों पर 111 लाइफगार्ड तैनात ज्वार बढ़ने के साथ ही पर्यटकों को पानी में उतरने से मना कर दिया जाता है। हालांकि, कई बार अति उत्साही और शोरगुल करने वाले पर्यटकों के कारण लाइफगार्ड को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## भिवंडी मनपा के साथ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार कर रही है सुप्रीमो गोल्ड इरीगेशन लिमिटेड कंपनी।

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** - राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से की गयी लिखित शिकायत में पूर्व नगर सेवक मतलूब अफजल खान ने कहा है कि भिवंडी महानगरपालिका ने भिवंडी मनपा क्षेत्र के अंतर्गत निकलने वाले प्रतिदिन हजारों टन कचरे को रिसाइकिलिंग करने का ठेका सुप्रीमो गोल्ड इरीगेशन लिमिटेड कंपनी को दिया है इस कंपनी का काम है डंपिंग ग्राउंड में गीला, सूखा कचरा और कंट्रीट, प्रदुषित कचरा, रबर,ग्रास, और मेटी को अलग-अलग कर रिसाइकिलिंग करने का जैसा की करार नामा मे है, लेकिन कंपनी के पास रिसाइकिलिंग की कोई व्यवस्था नहीं है सिर्फ जेसीबी से कचरे को समतल करने का काम किया जा रहा है, करारनामे के मुताबिक कंपनी के पास रिसाइकिलिंग की व्यवस्था और मशीन होनी चाहिए, कंपनी ने ठेका हासिल करने के लंबे समय तक रिसाइकिलिंग की व्यवस्था न करके करारनामे का उल्लघंन किया है यह भिवंडी मनपा के साथ धोखाधड़ी है, मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पूर्व नगर सेवक मतलूब अफजल खान ने लिखा है कि कंपनी भ्रष्टाचार कर




रही है और मनपा अधिकारी कंपनी के भ्रष्टाचार में शामिल हैं कंपनी फर्जी आडिट रिपोर्ट लगाकर दे रही है, भिवंडी मनपा आयुक्त को कंपनी पर सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए लेकिन कंपनी को भिवंडी मनपा द्वारा समय-समय पर पेमेंट किया जा रहा है यह सब मनपा आयुक्त और कंपनी के बीच सांठगांठ और कमीशनखोरी चल रहा है जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है,पुणे की नामदेव एड हेडो द्वारा फर्जी आडिट रिपोर्ट दिया जा रहा है, भिवंडी मनपा आयुक्त को चाहिए कि कंपनी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराए और भ्रष्टाचार में लिप्त सुप्रीमो कंपनी का ठेका रद्द करें, भविष्य में भिवंडी में कचरा व्यवस्थापन एक बहुत बड़ी समस्या है जिसको लेकर मनपा आयुक्त लापरवाह बने हैं, डंपिंग ग्राउंड की समस्या है प्रतिदिन निकलने वाले हजारों टन कचरे के व्यवस्थापन का इंतजाम जरूरी है।

# एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने 2 मामलों में 1.48 करोड़ रुपये मूल्य का 2.073 किलोग्राम सोना जब्त



**मुंबई :** कस्टम्स ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''18-19 दिसंबर 2024 को, मुंबई के एसएमआई एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने 2 मामलों में 1.48 करोड़ रुपये मूल्य का 2.073 किलोग्राम सोना जब्त किया।

सोना यात्री ने अपने शरीर में छिपा रखा था और दूसरे मामले में एक एयरपोर्ट कर्मचारी से सोना बरामद हुआ, जिसे एक ट्रांजिट यात्री ने सौंपा था। 02 लोगों को गिरफ्तार किया गया है''।

मुंबई एयरपोर्ट कस्टम टीम ने ऐसे मामलों से निपटने में लगातार सतर्कता और दक्षता का प्रदर्शन किया है, जिससे भारत के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में से एक पर वैध संचालन सुनिश्चित करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है।

# सिविल इंजीनियर शिरीष पटेल ने नवी मुंबई का बनाया था प्लान...

## 92 की उम्र में निधन...

**मुंबई :** एक ऐसे शहर में जहां निजी लालच सार्वजनिक भलाई से आगे निकल जाता है, शिरीष पटेल न्यायसंगत शहरी विकास के लिए अथक वकालत करते थे। प्रतिष्ठित सिविल इंजीनियर और शहरी योजनाकार का शुक्रवार रात 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शिरीष पटेल भारत में 1965 में बने पहले फ्लाईओवर- केम्प्स कॉर्नर फ्लाईओवर के डिजाइनर थे। लेकिन अपनी पीढ़ी के कई लोगों की तरह, वे एक युवा राष्ट्र के सामने आने वाली शहरी और सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए अपने पेशे से बहुत दूर चले गए।



शिरीष पटेल ने मुंबई के शुरूआती विकास में भूमिका निभाई। नवी मुंबई की कल्पना और योजना बनाने में मदद की और अपने जीवन के अंत तक शहरी मुद्दों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। 1932 में जन्मे पटेल ने अपने शुरूआती स्कूली साल कराची में बिताए। वह बॉम्बे चले आए, जहां उनके पिता भाईलाल पटेल पहले भारतीय नगर आयुक्त बने। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद, उन्होंने अपनी खुद की इंजीनियरिंग फर्म शुरू करने से पहले जाम्बिया में करीना बांध और महाराष्ट्र में कोयना बांध सहित बड़े बांधों पर काम किया।

1965 में, शिरीष पटेल ने चार्ल्स कोरीया और प्रवीणा मेहता के साथ मिलकर मुंबई का बोझ कम करने के लिए बंदरगाह के पार एक नया शहर बसाने का प्रस्ताव रखा। पांच साल बाद, उन्हें नवी मुंबई के निर्माण के लिए बनाई गई एजेंसी सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) का मुख्य योजनाकार बनाया गया। एमएमआरडीए के पूर्व मुख्य योजनाकार वीके फाटक ने कहा कि वह शिरीष पटेल को 1970 के दशक से जानते थे। उन्होंने कहा, 'उन्होंने शहर के विकास को एक बहु-विषयक के रूप में देखा, न कि केवल वास्तुकला और बुनियादी ढांचे के बारे में।' सिडको में, शिरीष पटेल ने एक अनूठी विविध टीम बनाई, जिसमें न केवल इंजीनियर और वास्तुकार बल्कि अर्थशास्त्री और सामाजिक वैज्ञानिक भी शामिल थे। शहर के विकास में सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बहुत मजबूत थी। पटेल की रुचियां विविध और दूरगामी थीं। उन्होंने नगर निगम की विरासत समिति में काम किया। वह औद्योगिक सौर चूल्हे पर शोध में शामिल थे और एचडीएफसी, हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन की स्थापना में मदद की।

# बिल्डर को तीन मामलों में अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया - हाई कोर्ट



**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि शहर के बिल्डर ललित श्याम टेकचंदानी को उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए तीन मामलों में अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया था क्योंकि उन्हें उनकी गिरफ्तारी के लिए आधार नहीं दिए गए थे। हालांकि अदालत ने गिरफ्तारियों को 'अमान्य' घोषित कर दिया है और उनकी रिहाई का निर्देश दिया है, लेकिन बिल्डर सलाखों के पीछे ही रहेगा क्योंकि उसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शुरू किए गए चौथे मामले में जमानत नहीं मिली है।

मेसर्स सुप्रीम कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक टेकचंदानी पर नवी मुंबई के रोहिंजन गांव में एक आवासीय परियोजना में लगभग 1,700 फ्लैट खरीदारों को ठगने के लिए धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का आरोप है। परियोजना पर काम नींव के चरण के बाद ही रुक गया और काफी पैसे चुकाने के बावजूद किसी भी फ्लैट खरीदार को अपने अपार्टमेंट का कब्जा नहीं मिला। इसके बजाय, बिल्डर ने ₹26.50 करोड़ का ऋण सुरक्षित करने के लिए कई फ्लैट गिरवी रख दिए, जिससे फ्लैट खरीदारों को ₹19.18 करोड़ का चूना लगा, ऐसा उन्होंने आरोप लगाया।

फ्लैट खरीदारों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने टेकचंदानी के खिलाफ तीन अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज किए थे और बिल्डर पर भारतीय दंड संहिता, महाराष्ट्र स्वामित्व फ्लैट अधिनियम (एमओएफए) और महाराष्ट्र जमाकताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्हें पहली बार इस साल 30 जनवरी को एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था, जिसमें आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 25 अप्रैल को आरोप पत्र दायर किया था। उन्हें 21 फरवरी और 12 अप्रैल को अन्य दो मामलों के सिलसिले में हिरासत में लिया गया था। इस बीच, ईडी ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग के लिए उनके खिलाफ चौथा मामला भी शुरू किया, जिसके लिए उन्हें 18 मार्च को हिरासत में लिया गया। टेकचंदानी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और दावा किया कि पहले तीन मामलों में उनकी गिरफ्तारी अवैध थी और संविधान के अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 22 के तहत उनके मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन था क्योंकि उन्हें 'गिरफ्तारी के आधार' नहीं बताए गए थे।

# मुंबई : सोमैया कॉलेज एडमिशन रैकेट के सिलसिले में जूनियर क्लर्क गिरफ्तार

**मुंबई :** तिलक नगर पुलिस ने सोमैया कॉलेज एडमिशन रैकेट के सिलसिले में राज्य शिक्षा विभाग में जूनियर क्लर्क पंडित करनके (42) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि करनके को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में कक्षा 11 की प्रवेश प्रक्रिया के दौरान सत्यापन केंद्र पर दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन करने का काम सौंपा गया था। करनके को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले, पुलिस ने सोमैया कॉलेज के दो क्लर्क महेंद्र पाटिल और अर्जुन राठौड़ और देवेंद्र सईद नामक एक अन्य व्यक्ति सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने प्रत्येक से 2-3 लाख रुपये लेने के बाद लगभग 50 छात्रों के फर्जी मार्कशीट और लीविंग सर्टिफिकेट (एलसी) तैयार किए थे।





करनके को घाटकोपर ईस्ट एडमिशन सेंटर में दस्तावेज सत्यापन के लिए ड्यूटी सौंपी गई थी। पूछताछ के दौरान पता चला कि उसने गिरफ्तार आरोपी राठौड़ द्वारा कथित रूप से भेजे गए फर्जी दस्तावेजों को मंजूरी दी थी। उसे अदालत में पेश किया गया और 25 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

के.जे. सोमैया कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के प्रिंसिपल डॉ. किशन पवार की शिकायत के आधार पर 16 दिसंबर को एफआईआर दर्ज की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि प्रवेश के लिए अयोग्य छात्रों ने संदिग्धों की मदद से धोखाधड़ी करके अपने प्रतिशत में बढ़ोत्तरी करवा ली और कुछ छात्रों ने फर्जी प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश प्राप्त किया।

धोखाधड़ी, जालसाजी, विश्वासघात और आपराधिक साजिश के अन्य कृत्यों के तहत कॉलेज के दो कर्मचारियों सहित पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह घटना तब सामने आई जब एक छात्र के माता-पिता ने प्रिंसिपल से संपर्क किया, जब उसे अच्छे प्रतिशत के बावजूद प्रवेश नहीं मिला। प्रिंसिपल ने फिर जांच शुरू की और घोटाले के बारे में पता लगाया। कॉलेज के अधिकारियों ने एक जांच समिति गठित की, जिसने छात्रों और उनके माता-पिता से ईमेल और फोन के माध्यम से संपर्क किया और उन्हें मूल दस्तावेजों के साथ कॉलेज आने के लिए कहा। तिलक नगर पुलिस थाने के इंस्पेक्टर दिलीप माने ने बताया कि दस्तावेजों की जांच में पता चला कि 50 छात्र अवैध रूप से अंदर घुसे थे।

# पुणे आरपीएफ ने ''ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते'' के तहत 246 बच्चों को माता-पिता से मिलवाया...

**पुणे :** पिछले 11 महीनों में पुणे रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पुलिस ने ''ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते''के तहत 246 बच्चों को उनके माता-पिता से मिलवाया है, जो किसी न किसी कारण से अपने घर से भाग गए थे। बचाए गए और अपने माता-पिता से मिलवाए गए 246 बच्चों में से 211 लड़के हैं, जबकि शेष 35 लड़कियां हैं। पुणे आरपीएफ के एक वरिष्ठ आरपीएफ अधिकारी ने कहा, ''कई बच्चे शहर में बेहतर जीवन की



तलाश में या विवादों और पारिवारिक समस्याओं के कारण घर से भाग जाते हैं। पुणे रेलवे स्टेशन पर आने वाले इन बच्चों को बचाने के लिए आरपीएफ 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' लागू कर रहा है। प्रशिक्षित आरपीएफ कर्मी बच्चों की तलाश करते हैं और उनकी समस्याओं को समझते हैं। वे बच्चों की काउंसलिंग करते हैं और उन्हें उनके माता-पिता से मिलवाते हैं। ऐसे बच्चों को उनके माता-पिता या रिश्तेदारों से संपर्क करके सुरक्षित उनके घर वापस भेजा जाता है।'' रेलवे यात्रियों और संपत्ति तथा यात्री क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपे जाने के अलावा, आरपीएफ पुलिस को 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत बच्चों को बचाने का काम सौंपा गया है।



## गोरेगांव आरे कॉलोनी इलाके से एक करोड़ 15 लाख कीमत की 288 ग्राम हेरोइन जब्त




**मुंबई** : मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स सेल की घाटकोपर यूनिट ने मुंबई के गोरेगांव आरे कॉलोनी इलाके से 288 ग्राम हेरोइन जब्त की है. इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 15 लाख रुपये बताई जा रही है. इसके साथ ही क्राइम ब्रांच ने दो ड्रग्स पैडलर को भी गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर दो ड्रग्स पैडलर को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल की. उनके पास से ड्रग्स जब्त किया.

## बीएमसी सफाईकर्मी को साले की चाकू घोंपकर हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा...

**मुंबई** : सत्र न्यायालय ने हाल ही में 48 वर्षीय बीएमसी सफाईकर्मी को जनवरी 2020 में धोबीघाट के बोरिचा रोड पर अपने साले की चाकू घोंपकर हत्या करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी राजेश बोरिचा और पीड़ित विनोद मोखरा के बीच तब झगड़ा हुआ था जब आरोपी की पत्न ी ने पीड़िता से शिकायत की थी कि उसका पति उसके साथ बुरा व्यवहार कर रहा है। एफआईआर के अनुसार, बोरिचा की पत्नी चाहती थी कि उसके दोनों भाई उसके पति से इस बारे में बात करें। मृतक अपने भाई गिरिधर मोखरा के साथ बोरिचा की मौसी के घर उससे बात करने गया था। इसके बाद वे जेके बोरिचा रोड, धोबीघाट स्थित इमारत के बाहर हाथापाई करने



लगे, जिसमें बोरिचा ने विनोद के सीने के बाएं हिस्से और सिर पर चाकू से वार किया। रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास की घोषणा की !

अभियोजन पक्ष ने मुख्य रूप से विनोद के भाई गिरिधर, जो मुख्य गवाह है, द्वारा दिए गए बयान पर भरोसा किया कि बोरिचा चाकू लेकर आया था और उसने विनोद को चाकू मार दिया। गिरिधर ने यह भी कहा कि उसकी बहन और बोरिचा के बीच अक्सर झगड़े होते थे। न्यायालय ने 6 दिसंबर को पारित एक विस्तृत आदेश में कहा कि गिरिधर का बयान विश्वसनीय है, जो साबित करता है कि आरोपी ने मृतक पर चाकू से वार किया था। बचाव पक्ष ने कहा कि जांच अधिकारी ने किसी भी स्वतंत्र गवाह के साक्ष्य दर्ज नहीं किए। हालांकि, अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा स्वतंत्र गवाहों की जांच न करना अभियोजन पक्ष के पूरे मामले पर अविश्वास करने का आधार नहीं है।

''आरोपी का हत्या करने का स्पष्ट इरादा था, या उसे पता था कि चाकू से किए गए घाव मृतक विनोद की मौत का कारण बन सकते हैं।'''' आरोपी को मृतक विनोद की हत्या के अपराध का दोषी पाया जाता है। अदालत ने कहा, ''वह आईपीसी की धारा 302 के तहत अपराध के लिए दंडित होने के योग्य है।''

## आदित्य ठाकरे ने मंत्रालय आवंटन में देरी पर महायुति पर कसा तंज

## सरकार में मजाक चल रहा है...



**मुंबई** : महाराष्ट्र सरकार में मंत्रिमंडल के गठन के बाद अब विभागों के आवंटन में पेच फंसा है। विभाग आवंटन में हो रही देरी को लेकर विपक्ष महायुति सरकार पर हमलावर है। इसपर शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने भी फडणवीस सरकार पर निशाना साधा है। आदित्य ठाकरे ने विभागों के आवंटन में हो रही देरी पर महाराष्ट्र महायुति सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि ये सब एक मजाक की तरह है। उन्होंने कहा कि मंत्रियों को उनके भत्ते तो मिल गए, लेकिन कोई जिम्मेदारी नहीं।

शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा कि सभी मंत्रियों को बंगले और कार मिल गए, लेकिन कोई जिम्मेदारी नहीं। यह मजाक चल रहा है। कोई भी सेवा नहीं करना चाहता। ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की भी आलोचना की और कहा कि दोनों दल विभागों को लेकर एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये उनका स्वार्थ दिखा रहा है। उन्होंने कहा,

इससे पहले शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने विभागों के आवंटन में देरी पर चिंता व्यक्त की और सरकार से सवाल किया कि उनके पास पर्याप्त बहुमत होने के बावजूद इस पर क्या कार्रवाई की जा रही है। शिवसेना (यूबीटी) नेता राउत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार में क्या हो रहा है, यह समझना मुश्किल है। सरकार बन गई है, लेकिन अभी तक कोई विभाग आवंटित नहीं किया गया है। कानून-व्यवस्था से जुड़े कई मसले हैं, लेकिन इसके लिए कोई जवाबदेह नहीं है। राउत ने पूछा कि इतना बहुमत होने के बावजूद इतनी देरी क्यों हो रही है?

महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज आखिरी दिन है, मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि उनका मानना है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के बीच सर्वसम्मति से निर्णय हो गया है। जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि महायुति सरकार को मिले ऐतिहासिक जनादेश के कारण तीनों दलों के बीच विभागों को लेकर थोड़ी खींचतान और देरी हुई है, लेकिन जल्द ही निर्णय की घोषणा की जाएगी।

## मुंबई/ मोबाइल फोन विवाद के चलते युवक का अपहरण... मालवानी पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया

**मुंबई** : मुंबई मालवानी पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने मोबाइल फोन विवाद के चलते मलाड पश्चिम से 19 वर्षीय एक युवक का अपहरण कर लिया था और उसकी चाची से 33,000 रुपये की फिरौती मांगी थी। मामले की जांच कर रहे एएसआई हरभोल सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2) (स्वेच्छा से किसी अन्य व्यक्ति को चोट पहुंचाना), 191(3) (दंगा करना, घातक हथियार से लैस होना), 190 (यदि किसी गैरकानूनी सभा के सदस्य द्वारा कोई अपराध किया जाता है, तो सभा का प्रत्येक सदस्य उस अपराध का दोषी है) और बीएनएस की धारा 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।



(एचटी फोटो) पुलिस के अनुसार, मंगलवार शाम को 53 वर्षीय महिला, जिसकी पहचान कलिमुनिसा खान के रूप में हुई, ने पुलिस से संपर्क किया और दावा किया कि उसके भतीजे अमानुल्ला अंसारी को चार अज्ञात लोगों ने अगवा कर लिया है, जिन्होंने उसे एक टेम्पो के अंदर बंद कर दिया था। उसने बताया कि अपहरणकताओं ने उसे फोन करके ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से 33,000 रुपये देने की मांग की थी और ऐसा न करने पर अंसारी को जान से मारने की धमकी दी थी।

घबराकर खान ने मालवानी पुलिस से संपर्क किया और चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करवाया, जिन्होंने कथित तौर पर अंसारी को मालवानी के गेट नंबर 6 पर एक टेम्पो में धकेल दिया और भाग गए। खान को किए गए फोन कॉल को ट्रैक करते हुए, मालवानी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र नागरकर के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने गोरेगांव के राम मंदिर इलाके से अभिषेक सिंह, अजय पांडे, प्रदीप सिंह और अनवर खान को गिरफ्तार किया, जहां उन्होंने टेम्पो पार्क किया था, और अंसारी को उनकी हिरासत से छुड़ाया।

## मुंबई : प्याज की कीमतों में 50% की भारी गिरावट

**मुंबई** : उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बन रहे प्याज की कीमतों में पिछले सप्ताह करीब 50% की भारी गिरावट आई है। इसकी वजह नई फसल का आना और निर्यात पर शुल्क लगाया जाना है। सब्जी व्यापारियों ने कहा कि बाजार में और अधिक ताजा स्टॉक आने पर कीमतों में और गिरावट आएगी। नवी मुंबई, भारत - 31 मई, 2019: नवी मुंबई के वाशी में एपीएमसी में प्याज-आलू बाजार बंद करने की अवधि 15 जून तक बढ़ा दी गई मुंबई महानगर क्षेत्र को आपूर्ति करने वाली वाशी एपीएमसी (कृषि उपज बाजार समिति) बाजार में थोक कीमतें पिछले सप्ताह ₹45-50 प्रति किलोग्राम से गिरकर शुक्रवार को ₹20-25 प्रति किलोग्राम पर आ गई




हैं। व्यापारियों ने कहा कि खुदरा बाजार में कीमतें ₹80-90 प्रति किलोग्राम से गिरकर ₹60-70 प्रति किलोग्राम पर आ गई हैं। रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास की घोषणा की ! - अधिक जानकारी और ताजा खबरों के लिए यहां पढ़ें एपीएमसी मार्केट में प्याज के थोक व्यापारी अशोक कार्पे ने कहा, ''इस सर्दी में नई फसल बहुत अच्छी है। यह मुख्य रूप से अहमदनगर, नासिक, संगमनेर और पुणे से बड़ी मात्रा में बाजार में पहुंच रही है।'' उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्यात शुल्क लगाए जाने के बाद से आपूर्ति भी बढ़ गई है। व्यापारी ने कहा, ''शुल्क 40% से घटकर 20% हो गया है, लेकिन प्याज का निर्यात करना अभी भी संभव नहीं है

क्योंकि इसकी कीमत अधिक है। इसके अलावा, श्रीलंका ने प्याज पर कर माफ कर दिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में हमारा प्याज महंगा हो गया है।'' प्याज की कीमतें अभी भी ऊंची थीं, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड ने गुजरात से बड़ी मात्रा में प्याज मंगाया और उन्हें सिर्फ 12-15 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचा। इसने भी कीमत को नीचे लाने में भूमिका निभाई है।

## मुंबई : अभिनेता मुश्ताक खान अपहरण में 6 गिरफ्तारियां...

**मुंबई** : उत्तर प्रदेश में अपने अपहरणकताओं को चालाकी से चकमा देने वाले 54 वर्षीय अभिनेता मुश्ताक खान का कहना है कि इस अनुभव ने उन्हें बहुत दुखी कर दिया है। खान को 20 नवंबर को उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक पुरस्कार समारोह के लिए फर्जी निमंत्रण भेजे जाने के बाद अपहरण कर लिया गया था। अभिनेता ने अपहरण की भयावहता को याद किया, 6 गिरफ्तारियां हुईं मुंबई में अपने जोगेश्वरी स्टूडियो में हुई घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा, ''मुझे अग्रिम राशि दी गई थी और हवाई जहाज के टिकट भेजे गए थे, इसलिए यह बात मुझे सही लगी।



मुझे एक पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए कहा गया था।

मैंने सुनील पाल (हास्य अभिनेता-अभिनेता) से बात की, उन्होंने कहा कि उनके साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था।'' खान ने कहा, ''मैं बिना पुष्टि किए ही उनके झांसे में आ गया, क्योंकि हम कलाकार उनसे बजट पूछते हैं और अग्रिम राशि आश्वासन के तौर पर ट्रांसफर कर दी जाती है।''

रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास की घोषणा की ! - अधिक जानकारी और ताजा खबरों के लिए यहां 'जब दो लोगों ने मुझे बंदूक की नोक पर पकड़ लिया, तो मुझे पता था कि यह गंभीर मामला है। मेरठ में यह घटना तब हुई जब उन्होंने कार बदल ली थी। खान ने बताया कि जब अपहरणकर्ता सो रहे थे, तब वह भाग निकला। उसने सुबह 5.45 बजे अजान की आवाज सुनी, जिसके बाद वह नजदीकी मस्जिद में गया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com